अप्रार्थी नगरपालिका द्वारा कथन किया गया कि वादग्रस्त भूमि राजस्व अभिलेखों के अनुसार नगरपालिका की है तथा प्रार्थी का उस पर अनाधिकृत कब्जा है। प्रार्थी न्यायालय के समक्ष काफी विलम्ब से तब आया है, जब बेदखली की कार्यवाही प्रारम्भ हो चुकी थी। प्रार्थी स्वच्छ हाथों से नहीं आया है, तात्विक तथ्य छिपाए हैं तथा अपने अवैध कब्जे को संरक्षित करवाना चाहता है। नगरपालिका प्राधिकारों द्वारा प्रार्थी के विरुद्ध पूर्व में ही बेदखली का आदेश पारित किया जा चुका है जो नगरपालिका विधि के अंतर्गत अपील योग्य है, इस प्रकार प्रभावी रूप से वैकल्पिक उपचार उपलब्ध है। इस प्रकार प्रार्थी के पक्ष में कोई प्रथमदृष्ट्या मामला या साम्य नहीं है।

उपरोक्त तथ्यों के आधार पर सकारण आदेश लिखिए।

www.LinkingLaws.com

Question No. 22 **[10 Marks]**

The plaintiff, Saurabh, claims to be the adopted son of late Hari Shankar and his widow, Shakuntala (defendant No. 1). Hari Shankar died in 2015 leaving behind his widow Shakuntala as his sole heir. In 2018, Shakuntala adopted Saurabh through a registered adoption deed, even though Saurabh was already married at that time.

After the adoption, Shakuntala executed a registered sale deed in 2020 in favour of defendant No. 2 Ramesh, selling the immovable property which originally belonged to her late husband, Hari Shankar.

The plaintiff Saurabh filed a suit seeking cancellation of the sale deed and declaration of his rights in the property.

Plaintiff's Contention:

By virtue of valid adoption, he became the son of Shakuntala and Hari Shankar. Under the Doctrine of Relation Back, his adoption dates back to the death of Hari Shankar, and thus he is deemed to have been in existence as Shakuntala's son at the time of Hari Shankar's death. Therefore, Shakuntala alone had no right to alienate the property after Hari Shankar's death, and the sale deed executed by her in favour of defendant No. 2 is void and not binding upon the plaintiff.

Defendant Shakuntla, while filing the written statement, contended that she was the sole heir after Hari Shankar's death and had every right to dispose of the property. The adoption is invalid and hence, plaintiff acquired no right. She executed the sale deed in 2020 much before the plaintiff challenged it, and Ramesh is a bonafide purchaser for value without notice. The Doctrine of Relation Back is not applicable.

On the basis of the above facts, frame the issues and write a reasoned judgement.

प्रश्न संख्या 22

वादी सौरभ, मृतक हरिशंकर व उसकी विधवा शकुन्तला (प्रतिवादी संख्या 1) का दत्तक पुत्र होने का अभिकथन करता है। हरिशंकर की मृत्यु 2015 में हुई, जो अपने पीछे अपनी विधवा शंकुतला को एकमात्र उत्तराधिकारी के रूप में छोड़ गया। वर्ष 2018 में शकुन्तला द्वारा पंजीकृत दत्तक–विलेख के जरिए सौरभ

www.LinkingLaws.com

को गोद लिया गया यद्यपि सौरभ उस समय पूर्व से ही विवाहित था। दत्तकग्रहण के पश्चात वर्ष 2020 में शकुन्तला द्वारा अपनी अचल सम्पत्ति जो कि मूलतः उसके मृतक पति हरिशंकर की थी, का विक्रय प्रतिवादी संख्या 2 रमेश के पक्ष में पंजीकृत विक्रय पत्र निष्पादित किया गया।

वादी सौरभ द्वारा एक वाद, विक्रय पत्र को निरस्त करने एवं सम्पत्ति के सम्बन्ध में अपने अधिकारों की घोषणा बाबत प्रस्तुत किया गया।

वादी का अभिकथन :

वैध दत्तकग्रहण के कारण वह शकुन्तला व हरिशंकर का पुत्र हो गया। पूर्व सम्बन्ध के सिद्धान्त के अंतर्गत उसका दत्तकग्रहण हरिशंकर की मृत्यु की तारीख से पूर्व का था एवं इस प्रकार उसे मृतक हरिशंकर की मृत्यु के समय शकुंतला के पुत्र के रूप में अस्तित्व में माना जाएगा। इस प्रकार, अकेले शकुन्तला को हरिशंकर की मृत्यु के पश्चात् सम्पत्ति के स्थानान्तरण का अधिकार नहीं था व प्रतिवादी रमेश के पक्ष में निष्पादित विक्रय पत्र शून्य है तथा वादी पर आबद्धकारी नहीं है।

प्रतिवादी शकुन्तला की ओर से जवाब प्रस्तुत करते हुए अभिकथन किया गया है कि मृतक हरिशंकर की मृत्यु के पश्चात् वह एकमात्र उत्तराधिकारी थी तथा उसे सम्पत्ति का निस्तारण करने का प्रत्येक अधिकार था। दत्तकग्रहण अमान्य है अतः वादी को कोई अधिकार प्राप्त नहीं हुआ है। उसके द्वारा विक्रय पत्र, चुनौती दिए जाने के काफी समय पूर्व वर्ष 2020 में निष्पादित किया गया था। रमेश सप्रतिफल बिना सूचना के एक सद्भाविक क्रेता है। पूर्व सम्बन्ध का सिद्धान्त लागू नहीं होता है।

उपरोक्त वर्णित तथ्यों के आधार पर विवाद्यकों की विरचना कीजिए तथा सकारण निर्णय लिखिए।

 www.LinkingLaws.com

Total Pages-52

CODE NO.
Not to be filled by the Candidate
(अभ्यर्थी द्वारा नहीं भरा जाये)

RJS Mains 2025 - Law Paper – II

Time : 3 Hours

Maximum Marks : 100

महत्त्वपूर्ण निर्देश / IMPORTANT INSTRUCTIONS

1. अपेक्षित विवरण केवल "प्रश्न पत्र–सह–उत्तर पुस्तिका" के ऊपर दिये गये फ्लेप पर ही लिखें, अन्य किसी स्थान पर नहीं।
2. "प्रश्न पत्र–सह–उत्तर पुस्तिका" (रफ कार्य के पृष्ठ सहित) के अन्दर कहीं पर भी कोई पहचान चिन्ह यथा, रोल नम्बर, नाम, पता, मोबाईल नम्बर/टेलीफोन नम्बर, देवताओं के नाम अथवा प्रश्न के उत्तर से असम्बधित कोई भी शब्द, वाक्य एवं अंक लिखे जाने या अंकित किये जाने को अनुचित साधनों का उपयोग माना जायेगा। ऐसा पाये जाने पर अभ्यर्थी की सम्पूर्ण परीक्षा में अभ्यर्थिता रद्द कर दी जायेगी।
3. यदि कोई अभ्यर्थी परीक्षा केन्द्र पर व्यवधान उत्पन्न करता है या वीक्षण स्टाफ के साथ दुर्व्यवहार करता है अथवा वंचनापूर्ण कार्य करता है तो वह स्वयं ही अयोग्यता के लिए उत्तरदायी होगा। वह राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम, 1992 के तहत दाण्डिक कार्यवाही हेतु भी उत्तरदायी माना जायेगा।
4. प्रश्नों की संख्या और उनके अंक "प्रश्न पत्र–सह–उत्तर पुस्तिका" में अंकित किये गये हैं।
5. प्रश्नों के उत्तर निरपवाद रूप से "प्रश्न पत्र–सह–उत्तर पुस्तिका" में प्रत्येक प्रश्न के नीचे दिये गये स्थान पर ही लिखें, कहीं और नहीं, अन्यथा ऐसे उत्तर का मूल्यांकन परीक्षक द्वारा नहीं किया जायेगा।
6. अभ्यर्थी उत्तर निर्धारित जगह में हीं लिखें। किसी भी परिस्थिति में पूरक उत्तर पुस्तिका नहीं दी जायेगी।
7. फ्लेप पर **"उत्तर के माध्यम"** के चौखाने में भाषा हिन्दी अथवा अंग्रेजी में से एक विकल्प को ✓ द्वारा चिन्हित करें तथा उत्तर उसी चयनित भाषा में दीजिये।
8. किसी प्रश्न में अंग्रेजी व हिन्दी भाषान्तर में कोई अन्तर हो तो अंग्रेजी भाषान्तर को प्रमाणिक माना जाये।
9. यदि "प्रश्न पत्र–सह–उत्तर पुस्तिका" कहीं से कटी–फटी या अमुद्रित है, तो शीघ्रताशीघ्र वीक्षक से कह कर उसे बदलवा लें या वीक्षक के ध्यान में ला दें, अन्यथा उसका दायित्व अभ्यर्थी का होगा।
10. परीक्षा कक्ष में किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक संयंत्र के साथ प्रवेश करना सर्वथा वर्जित है।

****

1. Write the required particulars only on the flap provided on the top of "Question Paper-cum-Answer Book"; and not at any other place.
2. Do not write any mark of identity inside the "Question Paper-cum-Answer Book" (including paper for rough work) i.e. Roll No., Name, Address, Mobile No./Telephone No., Name of God etc. or any irrelevant word other than the answer of question. Such act will be treated as unfair means. In such a case his candidature shall be rejected for the entire examination.
3. A candidate found creating disturbance at the examination centre or misbehaving with Invigilating Staff or cheating will render him liable for disqualification. He shall also be liable for penal action under The Rajasthan Public Examination (Prevention of Unfair Means) Act, 1992.
4. The number of questions and their marks are indicated in the "Question Paper-cum-Answer Book".
5. The answers of the questions should strictly be written in the space provided below question and not elsewhere, otherwise, such answer shall not be assessed by the examiner.
6. The candidate should write the answers in the provided space. No Supplementary Answer Book shall be provided in any case.
7. Specify an option of language Hindi or English, by ticking ✓ in box of **"Medium of Answer"** on the flap and answer in the same opted language.
8. In any question, if there is any discrepancy in English & Hindi versions, the English version is to be treated as standard.
9. In case the "Question Paper-cum-Answer Book" is torn or not printed properly, bring it to the notice of Invigilator for change or direction, at earliest otherwise the candidates will be liable for that.
10. Possession of any type of electronic device is strictly prohibited in the Examination Hall.

****

www.LinkingLaws.com

FOR EVALUATOR'S USE ONLY

EVALUATION TABLE

Q.NO.	Max. MARKS	MARKS	Q.NO.	Max. MARKS	MARKS
1	3		13	3	
2	3		14	3	
3	3		15	4	
4	3		16	4	
5	3		17	4	
6	3		18	4	
7	3		19	4	
8	3		20	6	
9	3		21	6	
10	3		22	6	
11	3		23	10	
12	3		24	10	

Examiner's Remarks (if any)

GRAND TOTAL: IN FIGURES .....

IN WORDS .....

SIGNATURE OF EXAMINER(S)

SIGNATURE OF HEAD EXAMINER(S)

www.LinkingLaws.com

Note: Attempt all questions. Marks of each question are mentioned against the question.

नोटः समस्त प्रश्नों के उत्तर दीजिये। प्रत्येक प्रश्न के लिए निर्धारित अंक उसके समक्ष अंकित किये गये हैं।

Question No. 1 **[3 Marks]**

A Judgement has been given that the accused is guilty of either the offence of "Intentional omission to give information of an offence despite being legally bound to inform" or the offence of "Giving false information respecting an offence committed", but that it is doubtful of which of above offences, he is guilty. Explain with relevant provisions of law, for which offence, accused shall be punished?

प्रश्न संख्या 1

एक निर्णय दिया जाता है कि अभियुक्त या तो "इत्तला देने के लिए वैध रूप से आबद्ध होने के बावजूद अपराध की इत्तिला देने में साशय लोप" या "किए गये अपराध के विषय में मिथ्या इत्तिला देना" के अपराध का दोषी है परन्तु यह संदेहपूर्ण है कि वह उक्त में से किस अपराध का दोषी है। विधि के सुसंगत प्रावधानों सहित व्याख्या कीजिए, अभियुक्त को किस अपराध के लिए दण्डित किया जाएगा?

www.LinkingLaws.com

Question No. 2 **[3 Marks]**

Roads were blocked by farmers. A battalion of C.R.P.F. under the supervision of its commander Hargovind was deployed there, to maintain law & order. Hargovind was specifically directed by higher authorities, not to open fire in any circumstances. One day, Hargovind ordered constable Ramesh to open fire on the mob and on receipt of such command, Ramesh opened fire on the mob. As a result of which, 02 farmers died. What offence did Ramesh commit? Explain with relevant provisions of law.

प्रश्न संख्या 2

किसानों द्वारा सड़क को अवरुद्ध कर दिया गया। कानून व्यवस्था कायम करने के लिए, सी.आर.पी.एफ.की एक बटालियन इनके कमान्डर हरगोविन्द के पर्यवेक्षण में वहां पर तैनात की गई। हरगोविन्द को किसी भी परिस्थिति में गोली नहीं चलाये जाने के उच्च अधिकारियों के विशिष्ट निर्देश थे। एक दिन, हरगोविन्द ने कांस्टेबल रमेश को भीड़ पर गोली चलाने का आदेश दिया एवं ऐसा आदेश मिलने पर रमेश ने भीड़ पर गोली चला दी। जिसके परिणामस्वरूप, दो किसानों की मृत्यु हो गई। रमेश ने क्या अपराध कारित किया? विधि के सुसंगत प्रावधानों सहित व्याख्या कीजिए।

www.LinkingLaws.com

Question No. 3 **[3 Marks]**

What do you mean by "Stalking"? Explain.

प्रश्न संख्या 3

''पीछा करना'' से आप क्या समझते हैं? समझाइए।

www.LinkingLaws.com

Question No. 4 **[3 Marks]**

Explain briefly the protections of members of the armed forces from arrest.

प्रश्न संख्या 4

सशस्त्र बलों के सदस्यों के गिरफ्तारी से संरक्षण की संक्षेप में व्याख्या कीजिए।

www.LinkingLaws.com

Question No. 5 **[3 Marks]**

What is the procedure of the evidence of the officers of the Mint, any Note Printing Press etc. Explain with the relevant provisions of law.

प्रश्न संख्या 5

टकसाल, नोट छपाई मुद्रणालय आदि के अधिकारियों की साक्ष्य की क्या प्रक्रिया है? विधि के सुसंगत प्रावधानों सहित संक्षेप में व्याख्या कीजिए।

 www.LinkingLaws.com

Question No. 6 **[3 Marks]**

A. What is the effect of errors while framing of charge? Explain briefly.

B. On 18th of January, 2020 Sub-Inspector Ramswaroop in discharge of his official duties, went to arrest Shyam, the accused of the murder of Harswaroop, committed on 17th of January, 2020. Shyam committed murder of Ramswaroop. Trial of both the offences started. When he was charged for the murder of Harswaroop, he was tried for the murder of Ramswaroop and the witnesses present in his defence were witnesses in the case of Harswaroop. Explain with relevant provisions of law, whether the error was material?

प्रश्न संख्या 6

अ. आरोप विरचित करने में की गई गलतियों का क्या प्रभाव है? संक्षेप में समझाइए।

ब. दिनांक 18 जनवरी, 2020 को उप–निरीक्षक रामस्वरूप अपने पदीय कर्तव्यों के विधिपूर्ण निर्वहन में, दिनांक 17 जनवरी, 2020 को हुई हरस्वरूप की हत्या के अभियुक्त श्याम को गिरफ्तार करने गया। श्याम, रामस्वरूप की हत्या कारित कर देता है। दोनों अपराधों का विचारण हुआ। जब हरस्वरूप की हत्या के लिए आरोप लगाया गया तो उसका रामस्वरूप की हत्या के लिए विचारण हुआ और प्रतिरक्षा में जो साक्षी उपस्थित हुए, वे साक्षी हरस्वरूप वाले मामले के साक्षी थे। विधि के सुसंगत प्रावधानों सहित व्याख्या कीजिए कि क्या यह गलती तात्विक थी?

www.LinkingLaws.com

Question No. 7 **[3 Marks]**

'A' an accused voluntarily made confession before 'B' that he along with 'C' murdered 'D'. Under what circumstances, such confession of 'A' can be taken into consideration against 'C'? Explain with the help of relevant provisions and decided case laws.

प्रश्न संख्या 7

'क' एक अपराध के अभियुक्त ने स्वेच्छया 'ख' के समक्ष संस्वीकृति की कि उसने 'ग' के साथ मिलकर 'घ' की हत्या की थी । किन परिस्थितियों में 'क' की यह संस्वीकृति 'ग' के विरुद्ध विचार में ली जा सकती है। सुसंगत प्रावधानों एवं निर्णित विधि की सहायता से व्याख्या कीजिए।

www.LinkingLaws.com

Question No. 8 **[3 Marks]**

"A PERSON MAY LIE, BUT CIRCUMSTANCES DO NOT."

With reference to above statement, in the light of Locard Exchange Principle, explain the expectations to prove the case based on circumstantial evidence, before the court.

प्रश्न संख्या 8

"व्यक्ति झूठ बोल सकता है लेकिन परिस्थितियां नहीं।"

उपरोक्त कथन के संदर्भ में, लोकार्ड विनिमय के नियम के परिप्रेक्ष्य में, न्यायालय के समक्ष, परिस्थितिजन्य साक्ष्य पर आधारित मामले को साबित करने की अपेक्षाओं को स्पष्ट कीजिए।

www.LinkingLaws.com

Question No. 9 **[3 Marks]**

Explain briefly the duties of "Probation Officers" under the Probation of Offenders Act, 1958.

www.LinkingLaws.com

प्रश्न संख्या 9

अपराधी परिवीक्षा अधिनियम, 1958 के अंतर्गत "परिवीक्षा अधिकारी" के कर्तव्यों की संक्षेप में व्याख्या कीजिए।

www.LinkingLaws.com

Question No. 10 **[3 Marks]**

Explain any **two** of the following in view of the definitions provided under the Protection of Women from Domestic Violence Act, 2005–

A. Shared household

B. Monetary relief

C. Respondent

प्रश्न संख्या 10

घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, 2005 के अंतर्गत वर्णित परिभाषाओं के परिप्रेक्ष्य में निम्न में से किन्ही **दो** को स्पष्ट कीजिए।

अ. साझी गृहस्थी

ब. धनीय अनुतोष

स. प्रत्यर्थी

A. Shared household

अ. साझी गृहस्थी

B. Monetary relief

ब. धनीय अनुतोष

 www.LinkingLaws.com

C. Respondent

स. प्रत्यर्थी

Question No. 11 **[3 Marks]**

During proceedings under the Protection of Children from Sexual Offences Act, 2012, the question arises that a person is child or not. How the court shall determine this question? Explain with the help of legal provisions.

प्रश्न संख्या 11

लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012 के अन्तर्गत कार्यवाही के दौरान यह प्रश्न उत्पन्न होता है कि एक व्यक्ति बालक है या नहीं। इस प्रश्न का निर्धारण न्यायालय किस प्रकार से करेगा? विधिक प्रावधानों की सहायता से स्पष्ट कीजिए।

 www.LinkingLaws.com

Question No. 12 **[3 Marks]**

Under the provisions of the Protection of Children from Sexual Offences Act, 2012, what is the meaning of **"Alternate punishment"**?

प्रश्न संख्या 12

लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012 के अंतर्गत, **"आनुकल्पिक दण्ड"** से क्या तात्पर्य है?

www.LinkingLaws.com

Question No. 13 **[3 Marks]**

Complaint of sexual harassment under the Sexual Harassment of Women at Workplace (Prevention, Prohibition and Redressal) Act, 2013, can be made by whom, to whom and within how much period? Whether it is necessary to make such complaint in writing? Explain in brief.

प्रश्न संख्या 13

महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध एवं प्रतितोष) अधिनियम, 2013 के अंतर्गत लैंगिक उत्पीड़न का परिवाद किसके द्वारा, किसको एवं कितनी समयावधि में प्रस्तुत किया जाएगा? क्या ऐसा परिवाद लिखित में पेश किया जाना आवश्यक है? संक्षेप में व्याख्या कीजिए।

www.LinkingLaws.com

Question No. 14 **[3 Marks]**

Under what circumstances, Certifying Officer may revoke a digital signature certificate issued by it? Explain with the help of legal provisions.

प्रश्न संख्या 14

किन परिस्थितियों में, प्रमाणकर्ता प्राधिकारी अपने द्वारा जारी अंकीय चिह्नक प्रमाणपत्र को प्रतिसंहृत कर सकता है? विधिक प्रावधानों की सहायता से व्याख्या कीजिए।

www.LinkingLaws.com

Question No. 15 **[4 Marks]**

Under the provisions of Rajasthan Excise Act, 1950, explain the powers of Excise Officers to compound the offences, with reference to the legal provisions.

www.LinkingLaws.com

प्रश्न संख्या 15

राजस्थान आबकारी अधिनियम, 1950 के प्रावधानों के अंतर्गत, अपराधों का शमन करने की आबकारी अधिकारियों की शक्तियों की, विधिक प्रावधानों के संदर्भ में व्याख्या कीजिए।

www.LinkingLaws.com

Question No. 16 **[4 Marks]**

What do you mean by "Trafficking of person"? What is the effect of the consent of the victim in such offence? Explain with the relevant provisions of law.

प्रश्न संख्या 16

''व्यक्ति का दुर्व्यापार'' से आप क्या समझते हैं? ऐसे अपराध में पीड़ित की सम्मति का क्या प्रभाव है? विधि के सुसंगत प्रावधानों सहित व्याख्या कीजिए।

www.LinkingLaws.com

Question No. 17 **[4 Marks]**

What is the procedure of issuance of warrant of search of place suspected to contain stolen property, forged documents or other objectionable articles and what are those objectionable articles? Explain with relevant provisions of law.

प्रश्न संख्या 17

उस स्थान की तलाशी, जिसमें चुराई हुई सम्पत्ति, कूटरचित दस्तावेजों या अन्य आपत्तिजनक वस्तुओं के होने का संदेह है, के लिए वारण्ट जारी करने की क्या प्रक्रिया है तथा वे आपत्तिजनक वस्तुएं कौन–कौन सी हैं? विधि के सुसंगत प्रावधानों सहित व्याख्या कीजिए।

www.LinkingLaws.com

Question No. 18 **[4 Marks]**

As per the Bhartiya Sakshya Adhiniyam, 2023, what are the expectations to make the electronic record admissible in evidence? Explain with the legal provisions.

www.LinkingLaws.com

प्रश्न संख्या 18

भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023 के अनुसार इलेक्ट्रॉनिक अभिलेख को साक्ष्य में ग्राह्य बनाने के लिए क्या–क्या अपेक्षाएं हैं? विधिक प्रावधानों सहित स्पष्ट कीजिए।

www.LinkingLaws.com

Question No. 19 **[4 Marks]**

Explain the various presumptions mentioned in the Negotiable Instruments Act, 1881.

प्रश्न संख्या 19

परक्राम्य लिखत अधिनियम, 1881 में वर्णित विभिन्न उपधारणाओं की व्याख्या कीजिए।

www.LinkingLaws.com

Question No. 20 **[6 Marks]**

Differentiate any **three** of the following–

A. Giving False Evidence and Fabricating False Evidence

B. Obscenity for the purposes of Indian Penal Code, 1872 and Obscenity for the purposes of The Indecent Representation of Women (Prohibition) Act, 1986

C. Criminal Intimidation and Extortion

D. Common Intention and Similar Intention

www.LinkingLaws.com

प्रश्न संख्या 20

निम्न में से किन्हीं **तीन** में अन्तर बताइए–

क. मिथ्या साक्ष्य देना एवं मिथ्या साक्ष्य गढ़ना

ख. भारतीय दण्ड संहिता, 1872 के प्रयोजन से अश्लीलता एवं महिलाओं का अशिष्ट रूपण अधिनियम, 1986 के प्रयोजन से अश्लीलता

ग. आपराधिक अभित्रास एवं उद्दापन

घ. सामान्य आशय एवं समान आशय

A. Giving False Evidence and Fabricating False Evidence

क. मिथ्या साक्ष्य देना एवं मिथ्या साक्ष्य गढ़ना

 www.LinkingLaws.com

B. Obscenity for the purposes of Indian Penal Code, 1872 and Obscenity for the purposes of The Indecent Representation of Women (Prohibition) Act, 1986

ख. भारतीय दण्ड संहिता, 1872 के प्रयोजन से अश्लीलता एवं महिलाओं का अशिष्ट रूपण अधिनियम, 1986 के प्रयोजन से अश्लीलता

C. Criminal Intimidation and Extortion

ग. आपराधिक अभित्रास एवं उद्दापन

www.LinkingLaws.com

D. Common Intention and Similar Intention

घ. सामान्य आशय एवं समान आशय

www.LinkingLaws.com

Question No. 21 **[6 Marks]**

What do you mean by "Trial or Judgement in absentia"? What are the circumstances and cases, wherein, a trial can be conducted and Judgement can be pronounced in the absence of the accused? Explain in detail with its procedure and relevant legal provisions.

प्रश्न संख्या 21

"अभियुक्त की अनुपस्थिति में विचारण एवं निर्णय" से आप क्या समझते हो? वे कौनसी परिस्थितियां व मामले हैं जिनमें अभियुक्त की अनुपस्थिति में विचारण किया जा सकता है एवं निर्णय पारित किया जा सकता है? प्रक्रिया एवं सम्बन्धित विधिक प्रावधानों सहित विस्तृत व्याख्या कीजिए।

www.LinkingLaws.com

Question No. 22 **[6 Marks]**

With the help of relevant provisions of law, explain the procedure to be adopted by the Juvenile Justice Board and the court, for the heinous offences committed by the child in conflict with law, between 16 to 18 years of age, in such case.

www.LinkingLaws.com

प्रश्न संख्या 22

16 वर्ष से 18 वर्ष के मध्य की आयु के विधि से संघर्षरत बालक द्वारा कारित जघन्य अपराधों के लिए, उस मामले में, किशोर न्याय बोर्ड एवं न्यायालय द्वारा अपनाई जाने वाली प्रक्रिया की विधि के सुसंगत प्रावधानों की मदद से व्याख्या कीजिए।

www.LinkingLaws.com

Question No. 23 **[10 Marks]**

Pawan drops his son at the school. When he was sitting in his shop, at 11 am, Manoj comes to his shop and says that "Pawan, your son is in my custody, give me Rs. 50000/- otherwise, I will shoot your child as soon as I leave from here". Fear of the death of his son was caused to Pawan on such statement of Manoj and he immediately gives Rs. 50000/- to Manoj. Pawan immediately goes to the school of his son and finds his son safe in the school. Pawan lodges first information report against Manoj in the police station. After completion of investigation charge sheet filed against Manoj. During trial, statements of Pawan, his son, guard of school, Investigating Officer and Station House Officer had been recorded and all the witnesses had supported the prosecution story.

Frame Charge and write a logical Judgement.

प्रश्न संख्या 23

पवन अपने बच्चे को स्कूल छोड़कर आता है। दिन में 11 बजे जब वह अपनी दुकान में बैठा था, मनोज उसकी दुकान पर आता है और कहता है कि "पवन तेरा बेटा मेरे कब्जे में है, मुझे 50000 रुपये अभी दे अन्यथा यहां से जाते ही तेरे बेटे को गोली मार दूंगा।" मनोज के इस बयान से पवन को अपने बेटे की मृत्यु का भय कारित हो जाता है तथा वह तुरन्त ही मनोज को 50000 रुपये दे देता है। पवन तुरन्त ही अपने बेटे के स्कूल में जाता है एवं अपने बेटे को स्कूल में सकुशल पाता है। पवन थाने में मनोज के विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराता है। अनुसंधान पूर्ण होने पर मनोज के विरुद्ध आरोप पत्र पेश किया

www.LinkingLaws.com

गया। विचारण के दौरान पवन, उसके बेटे, स्कूल के गार्ड, अन्वेषण अधिकारी तथा थाने के भारसाधक अधिकारी के बयान दर्ज कराए गये और सभी गवाहान द्वारा अभियोजन कहानी का समर्थन किया। आरोप विरचित कीजिए और एक तर्कसंगत निर्णय लिखिए।

www.LinkingLaws.com

Question No. 24 **[10 Marks]**

On 15.07.2025, at approximately 6:30 pm, the complainant Mrs. Chetna, was returning home from the market. The accused, Ami Chand, came from behind and snatched her gold chain. During the snatching of the chain, grievous injuries were caused on her neck. The accused immediately ran away from the spot. During investigation, it was discovered that the accused had sold the stolen chain to a jeweller. The chain was recovered based on the disclosure of the accused. After investigation, Charge Sheet was filed.

Prosecution Evidence:

1. PW 1 Ram Singh, a shopkeeper and PW 2 Hari Singh, a passerby, who had witnessed the snatching and identified the accused.
2. PW 3 Udham Singh, a nearby shopkeeper who produced the CCTV footage, which clearly showed the accused snatching the chain and running away.
3. PW 4 Ishawar Singh, the Investigating Officer.
4. PW 5 Dr. Ramesh, who conducted medical examination of complainant Chetna and proved the medical report.

Defence version:

1. The eyewitnesses gave slightly different descriptions of the accused's clothing and height.
2. The jeweller who received the chain claims that he did not notice the accused selling it, and the chain was recovered only after police questioning.
3. The CCTV footage is partially unclear due to low lighting and only shows a figure running, making identification somewhat difficult.

www.LinkingLaws.com

4. The accused claims that he was elsewhere at that time, supported by a neighbor who saw him near his house.

Frame Charge under relevant sections and write a logical Judgement.

प्रश्न संख्या 24

दिनांक 15.07.2025 को शाम के लगभग साढे छः बजे, शिकायतकर्ता श्रीमती चेतना बाजार से घर लौट रही थी। आरोपी अमीचन्द पीछे से आया और उसके गले से सोने की चेन झपट ली। चेन झपटते समय उसके गले पर गम्भीर उपहति कारित हुई। आरोपी तुरन्त मौके से भाग गया। अनुसंधान के दौरान ज्ञात हुआ कि आरोपी ने चुराई हुई चेन जौहरी को बेच दी थी। चेन आरोपी के कथनों के आधार पर बरामद की गई। अनुसंधान के बाद अरोप पत्र दाखिल किया गया।

अभियोजन की साक्ष्य –

1. पी.डब्लू. 1 राम सिंह (दुकानदार) और पी.डब्लू. 2 हरि सिंह (राहगीर) जिन्होंने चोरी की घटना देखी और आरोपी की पहचान की।
2. पी.डब्लू. 3 उधम सिंह, पास की दुकान का मालिक, जिसने सीसीटीवी फुटेज पेश की, जिसमें आरोपी को चेन झपटते हुए व भागते हुए स्पष्ट रूप से दिखाया गया।
3. पी.डब्लू. 4 ईश्वर सिंह, अनुसंधान अधिकारी
4. पी.डब्लू. 5 डॉ. रमेश जिसने शिकायतकर्ता चेतना की चिकित्सा परीक्षा की और मेडिकल रिपोर्ट प्रमाणित की।

बचाव पक्ष का कथन

1. गवाहों ने आरोपी के कपडों व कद का विवरण थोड़ा अलग दिया।
2. जिस जौहरी को चेन बेचा गया उसका कथन है कि उसने आरोपी को चेन बेचते हुए नहीं देखा, चेन केवल पुलिस की पूछताछ के बाद बरामद हुई।
3. सीसीटीवी फुटेज कम रोशनी के कारण आंशिक रूप से अस्पष्ट है और केवल एक अकृति को भागते हुए दिखाती है, जिससे पहचान कुछ कठिन हो जाती है।
4. आरोपी का दावा है कि वह घटना के समय कहीं और था, उसके कथन को एक पड़ोसी द्वारा समर्थन किया गया है, जिसने उसे उसके घर के पास देखा था।

सुसंगत धाराओं के अंतर्गत आरोप विरचित कीजिए और एक तर्कसंगत निर्णय लिखिए।

www.LinkingLaws.com